## तेज रफ्तार कार खड़े ट्रक के पीछे से टकराई

# हादसे में दो लोगों की दर्दनाक मौत

**दो लोग गंभीर रूप से घायल, बैतूल से नेपाल जा रहे थे कार सवार**

मैहर जिले के अमदरा थाना अंतर्गत बोरी ग्राम के निकट शनिवार सुबह करीबन 4 बजे तेज रफ्तार कार सड़क पर खड़े ट्रक से पीछे से टकरा गयी। जिसके कारण कार में सवार दो व्यक्तियों की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि कार पर सवार दो अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये।





सतना।


थाना प्रभारी संजय दुबे से मिली जानकारी के अनुसार उक्त सड़क दुर्घटना की जानकारी 100 डॉयल के माध्यम से प्राप्त हुई थी। थाना प्रभारी ने बताया कि कार क्रमांक एमपी 04 सीवाई 5257 का चालक कटनी से मैहर की ओर जा रहा था, जबकि जिस ट्रक क्र. सीजी 09 जेबी 5299 से कार टकराई है,वह ट्रक भी कटनी से मैहर की ओर जा रहा था। पुलिस के मुताबिक 100 डायल की सूचना पर अमदरा थाना पुलिस टीम जब घटना स्थल पर पहुंची,उसके पूर्व ही दो लोगों की मौत हो चुकी थी। थाना प्रभारी श्री दुबे ने बताया कि सभी मृतकों एवं घायलों के नाम,पता प्राप्त करने का प्रयास जारी है। दुर्घटनाग्रस्त कार बैतूल मुलताई के आसपास की है। कार पर सवार मृतक एवं घायल बैतूल मुलताई से नेपाल के काठमांडू स्थित भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन एवं नेपाल भ्रमण के लिये निकले थे। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में जिन व्यक्तियों की मृत्यु हुई है उनमें भोपाल के कोह-ए-फिजा थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाला सोहेब कबीर पिता हामिद कबीर 27 वर्ष निवासी कोह-ए-फिजा अहमद बाग हुजूर भोपाल एवं नितिन पिता पंजाब राव पवार सोनाली मार्ग राजीव गांधी वार्ड मुलताई बैतूल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त दो घायलों में ग्वालटोली नर्मदापुरम संजय नगर निवासी राहुल रैकवार ब्रांच मैनेजर सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया व एक अन्य व्यक्ति शामिल हैं। इन दोनों घायलों को हाईवे एम्बुलेंस 1033 की सहायता से कटनी रवाना किया गया। बताया गया है कि इनका कटनी हास्पिटल में उपचार चल रहा है।

### पीएम कराकर मर्चुरी में रखवाया शव

थाना प्रभारी ने बताया कि अमदरा थाना के स्टाफ आरक्षक सुखीलाल,जितेन्द्र,नितिन कनौजिया द्वारा 100 डॉयल के स्टाफ के साथ मौके पर पहुंच कर दुर्घटना में मृत दोनों व्यक्तियों के शव का पंचनामा तैयार कराने के बाद शासकीय चिकित्सालय भिजवाया गया,जहां पोस्टमार्टम किया गया। शवों को फिलहाल मर्चुरी में रखवा दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### विवाद होने पर युवक की छुरा मार कर हत्या



**सतना।** अमरपाटन में बीती रात बारात में डीजे में नाचने के दौरान हुए विवाद में एक युवक की चाकू मार कर हत्या कर दी गई। जबकि एक युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। उसे रीवा के संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी केपी त्रिपाठी ने बताया कि देर रात डीजे में नाचने के दौरान विवाद हो गया। इसी दौरान दो सगे भाइयों से विवाद हो गया। आरोपी ने रवींद्र पटेल नामक युवक को छुरा मार दिया जिसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बचाने आए उसके भाई को भी आरोपी ने चाकू मार कर घायल कर दिया। घायल प्रकाश पटेल को प्राथमिक उपचार के बाद रीवा रेफर कर दिया गया जहां पर उसका इलाज किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर एसडीओपी शिवकुमार सिंह,थाना प्रभारी के पी त्रिपाठी व पुलिस बल मौके पर पहुँच गए थे। पुलिस ने मृतक के शोक अस्पताल पहुंचाया जहां पर शनिवार को पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सपोर्ट कर दिया गया।

### प्रिज्म सीमेंट ने सतना में ठेकेदारों एवं राजमिस्त्रियों के सपने किये साकार



**सतना।** भारत की अग्रिम सीमेंट कंपनी प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा होटल सचिन पैलेस सतना में प्रिज्म सीमेंट द्वारा विशाल मेसन मेला का आयोजन किया गया जिसमें सभी ठेकेदारों एवं राजमिस्त्रियों को जीते गए उनके उपहारों का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत द्वीप प्रज्वलन से हुई जिसमें प्रिज्म सीमेंट के जोनलहेड हितेंद्र मिश्रा,जोनल टेक्निकल हेड विकास सिसोदिया,रीजनल हेड रियाज अहमद, ब्रांच मैनेजर सदाब्रज,ब्रांच तकनीकी मैनेजर लोकेश गुप्ता, सेल्स प्रमोटर भव्य छाछरिया एवं अन्य विशिष्ट शिल्पकार शामिल हुए। कार्यक्रम की अगली कड़ी में सेल्स प्रमोटर भव्य छाछरिया ने प्रिज्म सीमेंट के सभी अधिकारियों एवं विशिष्ट ठेकेदारों का स्वागत किया। कंपनी के सपने प्रोग्राम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में राज मिस्त्रियों एवं ठेकेदारों द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया एवं सभी को प्रोग्राम के तहत जीते गए उपहार प्रदान किये गये जिसमे कुछ उपहार इस प्रकार थे,वाशिंग मशीन, कूलर, पंखा, इंडक्शन, मिक्सर ग्राइंडर, प्रेस इत्यादि। इस कार्यक्रम में प्रिज्म सीमेंट के स्टाफ कोच अनिल कुमार पटेल, रीजनल ब्रांडिंग हेड नैमेश कुमार, समस्त सेल्स एवं तकनीकी अधिकारी भी सम्मलित हुए। आयोजित कार्यक्रम की जानकारी प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के जनसंपर्क एवं सीएसआर एजीएम देवेन्द्र मिश्रा ने दी।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 1 मई से

**सतना।** प्रभारी खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सतना ने बताया कि संचालनालय के आदेशानुसार कलेक्टर अनुराग वर्मा और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के संरक्षण में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 1 मई से 30 मई तक किया जायेगा। उन्होने बताया कि जिला मुख्यालय स्तर पर 8 खेलों का प्रशिक्षण प्रातः 5:30 बजे से प्रातः 7:30 बजे तक दिया जायेगा। इसी प्रकार विकासखंड स्तर पर 2 खेलों का प्रशिक्षण खेल विभाग के ब्लाक समन्वयक एवं सहयोगी खेल प्रभारियों के द्वारा प्रातः 5:30 बजे से प्रातः 7:30 बजे तक दिया जायेगा। प्रभारी खेल अधिकारी ने बताया कि जिला मुख्यालय में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-2 सतना के खेल मैदान का चयन प्रशिक्षण के लिये किया गया है। बिरला के स्पोर्ट ग्राउंड में फुटबाल, बास्केटबाल और एथलेटिक्स का प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्होने बताया कि विकासखंड स्तर पर नागौद, मझगवां,मैहर,रामपुर बघेलान,अमरपाटन,उचेहरा और रामनगर के खेल मैदान में प्रशिक्षण दिया जायेगा।



## मैहर के ग्राम डोलनी में पेड़ गिरने से श्याम सुंदर प्यासी का घर हुआ धराशाई

सतना।

शुक्रवार को आए भारी तूफान के कारण ग्राम पंचायत पिपरा कला अंतर्गत ग्राम डोलनी निवासी श्याम सुंदर पयासी के घर के ऊपर भारी भरकम पेड़ गिर जाने के कारण घर धराशाई हो गया है। समाजसेवी अरुण तनय मिश्र ने बताया कि जिस वक्त पेड़ गिरा है उस वक्त परिवार के सभी सदस्य पड़ोस में आयोजित एक शादी समारोह में सम्मिलित होने गए थे।जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई। श्री मिश्रा ने स्थानीय प्रशासन से आग्रह पूर्वक निवेदन किया कि उक्त पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाए जाने की कृपा करें।

## जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने ग्रहण की शपथ

सतना।



जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को अधिवक्ता संघ सभागार के सामने परिसर में हाईकोर्ट जबलपुर से पधारे पोर्ट फोलियो चर्च विशाल मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में जिला सत्र न्यायाधीश सतना अजय कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जस्टिस विशाल मिश्रा एवं डीजे अजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बद्रीविशाल पाठक सहित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते हुये उनको शुभकामनायें दीं। मुख्य अतिथि जस्टिस श्री मिश्रा ने न्याय जगत में सतना जिले के अधिवक्ताओं के योगदान की सराहना करते हुये उसे अद्वितीय बताया।

### 30 वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान

शपथ ग्रहण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जस्टिस विशाल मिश्रा एवं डीजे अजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा मां सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुये किया। इसके तुरन्त बाद अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि एवं प्रधान न्यायाधीश सतना का पुष्प गुच्छ भेंट करके स्वागत किया।तत्पश्चात इस गरिमामयी कार्यक्रम में जिले के 30 वरिष्ठ अधिवक्ताओं का मुख्य अतिथि द्वारा श्री फल,शाल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट करके सामान किया गया।कार्यक्रम में सतना न्यायालय के समस्त न्यायाधीश गण एवं अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### 7 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

इस मौके पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बद्रीविशाल पाठक ने हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा को 7 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में नये न्यायालय भवन का निर्माण कार्य शीघ्र कराने नवीन न्यायालय भवन परिसर में शौंचालय,मूत्रालय की समुचित व्यवस्था किये जाने,अधिवक्ताओं के लिये चे बर की व्यवस्था,वाहन स्टैण्ड,पुलिस चौकी की स्थापना की मांग शामिल है।

### इन्होंने ग्रहण की शपथ

जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष बद्रीविशाल पाठक, उपाध्यक्ष शरद मिश्रा, सचिव शैलेष पाण्डेय, सहसचिव आदित्य मिश्रा, कोषाध्यक्ष प्रकाश नारायण मिश्रा, ग्रन्थपाल यशवर्धन द्विवेदी, कार्यकारिणी सदस्य केशव प्रसाद त्रिपाठी, अनिल शुक्ला, आशीष शर्मा, विनय गर्ग एवं आशुतोष निरंजन पाण्डेय ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की।

## प्रेक्षक की उपस्थिति में हुई मतदान केन्द्रों के दस्तावेजों की संविक्षा

सतना।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान के दूसरे दिन शनिवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना में गत दिवस संपन्न हुए मतदान के समस्त मतदान केंद्रो से प्राप्त प्रारूप 17'क' तथा अन्य दस्तावेजों की सामान्य प्रेक्षक डॉ.एस सुरेश कुमार सहित प्रत्याशियों तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में रिटर्निंग ऑफिसर अनुराग वर्मा द्वारा संवीक्षा की कार्यवाही संपादित की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े तथा सतना लोकसभा निर्वाचन के सभी एआरओ जितेन्द्र वर्मा,राहुल सिलौढ़िया,नीरज खरे,एपी द्विवेदी,विकास सिंह, आरती यादव,आरएन खरे,नोडल अधिकारी माइक्रो आब्जर्वर डॉ.कीर्ति सिंह उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने मतदान सामग्री जमा स्थल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना में विधानसभा क्षेत्रवार चित्रकूट,रैगांव,सतना,नागौद,मैहर, अमरपाटन और रामपुर बघेलान में मतदान



केंद्रो की संवीक्षा की। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों के संपूर्ण मतदान केंद्रो में ऐसे मतदान केंद्र जिनमें कुल औसत मतदान से 15 प्रतिशत अधिक या कम मतदान होता है,उनके पीठासीन अधिकारी द्वारा दी गई रिपोर्ट और प्रारूप 17'क' की संवीक्षा प्रेक्षक की उपस्थिति में रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा की जाती है। संवीक्षा में पाया गया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-9 सतना के विधानसभा क्षेत्र चित्रकूट,रैगांव,सतना,नागौद,मैहर, अमरपाटन और रामपुर बघेलान के सभी मतदान केंद्रों में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत विधि-सम्यक मतदान संपादित हुआ है। इसलिए लोकसभा सतना के किसी भी विधानसभा क्षेत्र के किसी मतदान केंद्र में पुनर्मतदान (रीपोल) की आवश्यकता नहीं है। सतना और मैहर जिले के सभी सात विधान सभा क्षेत्रों के निर्वाचन में हुए मतदान की मतगणना 4 जून 2024 को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना में निर्धारित मतगणना स्थलों पर प्रातः 8 बजे से शुरू की जाएगी।

### स्ट्रांग रूम में रखी ईवीएम मशीनों की प्रतिदिन होगी निगरानी

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव 2024 में सतना और मैहर जिले की सभी सात विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में मतदान पश्चात शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईवीएम और वीवीपैट को विधानसभावार स्ट्रांग रूम में रखा गया है। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा और सभी संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रतिदिन स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया जायेगा। इस दौरान निरीक्षणकर्ता अधिकारी लॉग बुक,सीसीटीवी,डबल लॉक,आवश्यक संख्या में सीपीएफ एवं एसएएफ के सुरक्षा बल की उपस्थिति एवं वीडियोग्राफी की जांच कर प्रतिदिन निर्धारित फॉर्मेट में जानकारी भेजी जायेगी।

## शांतिपूर्ण मतदान के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष ने आभार व्यक्त किया

सतना।



लोकसभा क्षेत्र में हुए शांतिपूर्ण मतदान के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने जिले के देवतुल्य कार्यकर्ताओं जनता जनार्दन,शासन-प्रशासन,पुलिस कर्मियों एवं मीडिया कर्मियों के प्रति आभार प्रकट किया है। श्री शर्मा ने जारी बयान में कहा है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में जिन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग किया वो सब बधाई के पात्र हैं। उन्होंने जिले की प्रशासनिक व्यवस्था एवं पुलिस व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से जिले में शांति व्यवस्था कायम रही और शांतिपूर्ण मतदान हुआ। उन्होंने जिले के सभी मीडिया कर्मियों के प्रति भी आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनकी सजगता की वजह से कहीं कोई अप्रिय घटना नहीं हुई और शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ।

### जागरूकता के ढेरों प्रोग्राम के बाद भी उम्मीद के अनुरूप नहीं हुआ मतदान

लोकसभा चुनाव में लोग ज्यादा से ज्यादा मतदान करें घर से निकले और लोकतंत्र के महापर्व पर हिस्सा लें आहुति दें। इसके लिए स्वीप के अंतर्गत ढेरो प्रोग्राम किए गए लेकिन मतदान उम्मीद के अनुरुप नहीं हो पाया।आखिर ऐसा क्यों हुआ यह सब समझ से परे है। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग द्वारा मत दाताओं के बीच वोट डालने के लिए जागरूकता फैलाने बड़ी संख्या में तरह-तरह के प्रोग्राम आयोजित किए गए थे सतना में वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता,चित्रकला प्रतियोगिता,मैराथन दौड़,खेलकूद जैसे आयोजन मतदाता जागरूकता के तहत किए गए थे।इसके बाद भी लोकसभा में उतने वोट नहीं पड़े जितना की अनुमान लगाया जा रहा था। मतदाता घर से क्यों नहीं निकले। क्या वजह रही है। इसे लेकर चर्चा आम हो गई है। लेकिन अब यह तय है कि मतदाता जागरूकता अभियान अभी तक जितने भी आयोजित किए गए हैं इसका असर मतदाताओं पर नहीं पड़ा है। मोटी रकम खर्च करने के दौरान मतदाता जागरूक हो रहे हैं या नहीं इस ओर शायद गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया होगा। जितने भी प्रोग्राम आयोजित किए गए वह मतदाताओं के बीच प्रभावी रहे या नहीं यह भी समझने वाली बात है।

## नकद राशि जप्ती के प्रकरणों में हुई चर्चा



सतना।

लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान एसएसटी,एफएसटी,वीएसटी द्वारा जप्त की गई 4 लाख 47 हजार 308 रुपए की नकद राशि के रिलीज के संबंध में शनिवार को सीईओ जिला पंचायत और समिति संयोजक संजना जैन की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस मौके पर समिति के सदस्य अखिलेश पाठक,टीओ तोकानंद टेकाम,जिला समन्वयक बद्री दहायत एवं आवेदक गण उपस्थित रहे। बैठक में लोकसभा निर्वाचन 2024 में पांच प्रकरणों में जप्त की गई नकद राशि के संबंधित को रिलीज करने के संबंध में चर्चा की गई। अपील समिति द्वारा सभी संबंधितों से बारी-बारी से पक्ष सुना गया। समिति में निर्णय हुआ कि इन प्रकरणों में राशि जप्ती की एफआईआर थाने में की गई है,या नहीं। इसके अनुसार राशि रिलीज करने की कार्यवाही की जाएगी। लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान उतैली के आनंद कुमार गुप्ता से 2 लाख 3 हजार 348 रूपये, पर्ण कुटी चित्रकूट के प्रवीण पाण्डेय से 61 हजार,पुतरी चुआ के वेद नारायण से 65 हजार, प्रयागराज यूपी के बृजेश सिंह से 50 हजार तथा थाना सलेहा पन्ना के कृष्ण कुमार चौरसिया से 67 हजार 960 रूपये की नकद राशि जप्त हुई थी।

## खबर संक्षेप



### पवई के छात्र/छात्राओं का बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**पवई।** नगर की प्रतिष्ठित इंग्लिश मीडियम शैक्षणिक संस्था नॉलेज किंग्डम पब्लिक स्कूल के कक्षा पांचवी एवं आठवीं के छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया स जिसमें कक्षा आठवीं में अनन्या खंपरिया 93 प्रतिशत, शिवांश राज चौधरी 91.6 प्रतिशत, कुमारी कृतिका खंपरिया 91.5 प्रतिशत, वेद छिरौल्या 90.3 प्रतिशत, एवं श्रुति सेठिया 89.8 प्रतिशत, आर्यव खरे 88.3 प्रतिशत, सानिध्य श्रीवास्तव 87.3 प्रतिशत, वीर प्रताप सिंह बुंदेला 86.3 प्रतिशत, अथर्व तिवारी 85.6 प्रतिशत आरुष खरे 85.1 प्रतिशत, काव्या तिवारी 84.5 प्रतिशत, आरुषि खरे 84.3 प्रतिशत, हंसिका डेंगरे 82.6 प्रतिशत शुभ सिंह 82.1 प्रतिशत एवं कक्षा पांचवी में आकर्ष सक्सेना ने 95 प्रतिशत,आर्यांश सिंह परमार 89 प्रतिशत, पवन सिंगरौल 87 प्रतिशत,रुद्राक्ष नामदेव 85 प्रतिशत,एवं कुमारी . आराध्या सिंह बुंदेला ने 84 प्रतिशत, सूर्यांश तिवारी 83.2 प्रतिशत, स्तुति पाठक 82 प्रतिशत अरहम जैन 81.5 प्रतिशत अभिराज सिंह परमार 81.2 प्रतिशत साभ्या नगायच 79 प्रतिशत अंक प्राप्त किए एवं संस्था के अन्य सम्मिलित छात्र/छात्राओं का भी उम्दा प्रदर्शन रहा। बच्चों ने सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों एवं विद्यालय परिवार को दिया है। जिसमें विद्यालय प्राचार्य श्री कुलदीप चौबे एवं सभी शिक्षकों द्वारा शुभकामनाएं दी गई एवं बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की गई है।

### आग भड़कने से चार भाइयों के घर जलकर खाक



**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ तहसील एवं धरमपुर थाना अंतर्गत यूपी सीमा से लगे ग्राम भखुरी में शादी के घर में आग भड़कने से चार भाइयों के घर सहित गृहस्थी, अनाज और दहेज का सामान जल कर खाक हो गया है। घटना के संबंध में ग्राम पंचायत के सचिव अशोक तिवारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात राकेश यादव निवासी भखुरी की बेटी की शादी में खाना बन रहा था तभी अचानक कड़ाही से आग भड़क गई जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और कुछ ही देर में इस आग ने राकेश यादव के भाई श्यामलाल यादव, चुनबाद यादव और राज कुमार यादव के घरों को भी चपेट में ले लिया गांव के लोगों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुए। बताया गया है कि भूसा तक आग पहुंचने से उसे बुझाना मुश्किल हो रहा था। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड भी पहुंच गई लेकिन रास्ता संकीर्ण होने से वह घटना स्थल तक नहीं पहुंच सकी, किसी तरह ग्रामीणों ने मोटर पम्प चालू कर आग पर काबू पाया लेकिन तब तक चारों घर और गृहस्थी व दहेज का सामान जल कर खाक हो चुका था। अजयगढ़ एसडीओपी, धरमपुर थाना प्रभारी सहित पुलिस व राजस्व विभाग के कई अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंच गए हैं। घर जलने के कारण अब कन्या का विवाह पंचायत भवन से करवाया गया है।

### कांग्रेस को गड़ा दिया कांग्रेसियों ने

**पन्ना।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का तो इस सीट में समझौता के बाद से ही हालात कुछ इस अंदाज में आ चुके थे कि अब कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता किसके सहारे राजनीति को आगे लेकर बढ़ेगें। क्योंकि यह सीट तो इंडिया गठबंध के तहत खजुराहो लोकसभा सपा को सौंपी गई। वहीं सपा का भी प्रत्याशी जब चुनाव मैदान में आया तो फार्म निरस्त हुआ हालात बद से बदत्तर हो गये। अब इंडिया गठबंधन निर्दलीय प्रत्याशी राजा भईया प्रजापति को समर्थन देने की बात कही। वहीं पोलिंग एजेन्टों को बनाये जाने को लेकर कांग्रेस पार्टी के नेता गुनौर विधानसभा में एक सोशल मीडिया में हो रहे वीडियो वायरल में स्वयं चर्चा में आ गये।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा

# कांग्रेस में हैं सैम पित्रोदा जैसे 'छोटे-छोटे टाईम बम'

पन्ना।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने शनिवार को पन्ना के होटल शान्वी लेंडमार्क में पत्रकार-वार्ता को संबोधित करते हुए विरासत टैक्स और ईवीएम पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। वहीं खजुराहो-पन्ना लोकसभा क्षेत्र की जनता का मतदान के लिए आभार जताया। साथ ही यह आश्वासन दिया कि उनके अतुलनीय मत का कर्ज वह आगामी 5 सालों में विकास के नये आयाम स्थापित करके चुकाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की प्राथमिकता देश के गरीब हैं, लेकिन कांग्रेस की प्राथमिकता एक विशेष समुदाय है। 'इटालियन' कांग्रेस 'अमेरिकन' टैक्स को भारत में लागू करना चाहती है, कांग्रेस के इन खतरनाक इरादों और देश की जनता के बीच मोदी सरकार एक दीवार बनकर खड़ी है। जनता के धन को लूटना, देश की संपत्ति को लूटने, कांग्रेस अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझती है। विरासत टैक्स के बहाने अपने पूर्वजों की संपत्तियां, घुसपैठियों को कांग्रेस सौंपना चाहती है। सैम पित्रोदा के बयान ने कांग्रेस का मकसद साफ और स्पष्ट कर दिया है कि वह बहुसंख्यकों की संपत्ति को जब्त कर इसे अल्पसंख्यकों के बीच वितरित करने का इरादा रखती है।

### कांग्रेस के मंसूबे सफल नहीं होंगे ये मोदी की गारंटी है

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के चेहरे से पूरी तरह नकाब उतर गया है। कांग्रेस के प्रथम परिवार के सलाहकार सैम पित्रोदा जैसे 'छोटे-छोटे टाईम बाम्ब' कांग्रेस में बैठे हैं जो देश के बाहर जाकर भारत में 'षड्यंत्र के धमाके' कर रहे हैं। भारत में कांग्रेस आम आदमियों को जेब खाली करने के लिए 45 से 55 प्रतिशत विरासत टैक्स लगाने की बात कांग्रेस कर रही है, सैम पित्रोदा जिस अमेरिकन टैक्स की बात कर रहे हैं, वहां (अमेरिका में) भी इस टैक्स पर विवाद है। अमेरिका के सिर्फ 6 राज्यों में इस टैक्स को वसूलने की व्यवस्था है, लेकिन लूटो और शासन करों की नीति पर चलने वाली 'इटालियन' कांग्रेस 'मुंगेरी लाल के हसीन सपने' देखते हुए इस टैक्स को भारत में लागू करने की बात कर रही है। एक तरफ यह टैक्स लादकर आम जनता को तबाह करेंगे। जनता की संपत्तियों को जबरन कब्जे में लेंगे, फिर घुसपैठियों को देंगे, जिनका भारत से कोई संबंध नहीं है. यह तो अच्छा हुआ कि 2014 में कांग्रेस की विदाई हो गई, वरना कांग्रेस तभी लागू कर चुकी होती।



### 7 लाख पर नहीं लगता कोई टैक्स, कांग्रेस लेगी 1 लाख पर करीब 40 प्रतिशत

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि आज अगर आपकी सालाना आय 5 लाख है तो भाजपा आपकी आय पर कोई टैक्स नहीं लगाती, लेकिन सैम पित्रोदा की स्कीम कांग्रेस सत्ता में आकर लागू करेगी तो जनता को 1 लाख सालाना आय पर करीब 30 से 40 प्रतिशत कांग्रेस को देना होगा। आजादी के समय कांग्रेस ने धर्म के नाम पर देश का विभाजन किया था, कांग्रेस को लगता है कि यही उसके फायदे का रास्ता है और आज एक बार फिर कांग्रेस सत्ता की कुर्सी के लिए छटपटा रही है। कांग्रेस फिर से धार्मिक तुष्टीकरण को मोहरा बना रही है। इंदिरा गांधी के निधन के बाद उनकी विरासत का एक हिस्सा उनके बच्चों के मिलने से पहले सरकार ने छीन लिया था, क्योंकि कांग्रेस ने पहले भी ऐसा कानून बनाया था, लेकिन अपनी संपत्ति को बचाने के लिए इंदिरा गांधी के पुत्र और तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने विरासत कर कानून को खत्म कर दिया था और इंदिरा गांधी की पूरी संपत्ति बिना टैक्स दिए अपने नाम कर ली थी। कांग्रेस नेता देश की जनता पर विरासत टैक्स लगाकर उनकी आधी संपत्ति लूटना चाहती है। आज इसलिए देश कह रहा है कि ''कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी''।

### विपक्षी दलों का ईवीएम ने सुप्रीम कोर्ट में भी साथ नहीं दिया

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि भ्रम' और 'असत्य' की विपक्षी 'साजिश' को न्यायालय ने आईना दिखा दिया है। देश को ईवीएम से हटाकर उसे 50 साल पीछे ले जाने के लिए बैलट पेपर से चुनाव की विपक्ष की मांग को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। ईवीएम पर दुष्प्रचार करके विपक्षी दलों ने प्रजातंत्र को बहुत बड़ा नुकसान पहुंचाया है। सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग के अनुसार ईवीएम से कोई छेड़छाड़ व खिलवाड़ नहीं हो सकता है। ईडी गठबंधन के हर नेता ने ईवीएम को लेकर जनता के मन में संदेह पैदा करने का पाप किया है,लेकिन आज देश के लोकतंत्र और बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान की ताकत देखिए, सुप्रीम कोर्ट ने मतपेटियों को लूटने का इरादा रखने वालों को ऐसा गहरा झटका दिया है कि उनके सारे सपने चूर-चूर हो गए हैं। ईवीएम के बहाने अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए विपक्ष द्वारा बार-बार बोले जा रहे झूठ पर सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय स्वागत योग्य है। बेहतर होगा विपक्ष असल मुद्दों पर चुनाव लड़े, क्योंकि इनकी सोच- विचारधारा को जनता व न्यायालय दोनों ने ही ठुकरा दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने व्यवस्था दी है कि चुनाव परिणाम में दूसरे या तीसरे नंबर पर आने वाले किसी प्रत्याशी को कोई आशंका है तो वह चुनाव परिणाम आने के 7 दिन के भीतर शिकायत कर सकता है। शिकायत के बाद ईवीएम बनाने वाली कंपनी के इंजीनियर्स इसकी जांच करेंगे। विपक्षी दलों का ईवीएम से वीवीपैट की 100 प्रतिशत पर्ची का मिलान करने की मांग तर्क संगत नहीं थी। न्यायालय ने शिकायत के बाद 5 प्रतिशत ईवीएम की जांच का रास्ता भी खोल दिया है। अगर किसी पार्टी या प्रत्याशी को परेशानी या शक है तो वह चुनाव आयोग से शिकायत करके विधानसभा क्षेत्रवार 5 प्रतिशत ईवीएम की जांच भी करा सकता है। यह भी माननीय न्यायालय का स्वागत योग्य फैसला है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व विधायक ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष ब्रजेन्द्र मिश्रा, लोकसभा संयोजक सतानंद गौतम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रविराज सिंह यादव एवं प्रदेश सह मीडिया प्रभारी आशीष तिवारी उपस्थित रहे।

# सम्पन्न हुआ जिले में शांतिपूर्ण मतदान






पन्ना।

जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक पन्ना के मार्गदर्शन में वहीं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा अपर पुलिस अधीक्षक पन्ना की कार्यप्रणाली के चलते समूचे जिले में शांतिपूर्ण मतदान हुआ सम्पन्न

खजुराहो लोकसभा संसदीय क्षेत्र में जहां कलेक्टर सुरेश कुमार जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक पन्ना साईंकृष्ण एस. थोटा के मार्गदर्शन निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जो मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर स्वीप प्लान के नोडल अधिकारी का दायित्व भी निभाने को लेकर जिम्मेदारी थी वहीं मतदान के प्रशिक्षण से लेकर चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर सम्पूर्ण अमले के लिए दिशा देना अपने आप में जहां चुनाव के समय तत्परता को लेकर सीईओ जिला पंचायत श्रीसंघप्रिय की कार्यप्रणाली अलग ही देखने में नजर आई। साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह जो पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में जमीनी स्तर तक सुरक्षा बलो के साथ सम्पूर्ण लोकसभा क्षेत्र जिले में सुरक्षा का दायित्व के लिए चप्पे-चप्पे पर नजर के साथ जहां चौकसी को लेकर पुलिस की एक बड़ी जिम्मेदारी थी जिनके बदौलत समूचे जिले में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ। लोकसभा चुनाव महापर्व के रूप में जैसा माना जा रहा था वैसा कार्य भी अपने आप में था। शासन-प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती थी। लोकसभा चुनाव में पन्ना जिले में सम्पूर्ण मतदान के दौरान जिले में शांतिपूर्ण हालात के साथ मतदान सम्पन्न हुआ यह हमारे जिले में जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के समन्वय की भूमिका चुनावी समय में स्वयं ही साबित हुई। जिस तरह से सम्पूर्ण जिले में किसी भी तरह की कोई समस्या समस्या ही नहीं बन पाई। व शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ मतदान।

### मनमाने ढंग से किया जा रहा कढवानी नाला पुल का निर्माण

**पन्ना।** गुनौर विधानसभा अंतर्गत ग्ारम पंचायत जिजगांव के पिपरिया खुर्द तथा मढिया राव के बीच से निकले कढवानी नाला के पुल का निर्माण ठेकेदार द्वारा मनमाने ढंग से किया जा रहा है लोगों द्वारा बताया गया है कि ठेकेदार द्वारा पुल की जगह रिपटा मनमाने ढंग से बनाया जा रहा है जबकि बडा नाला होने के चलते उक्त स्थान पर पुल का निर्माण किया जाना चाहिये ।

## हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा में सफलता को लेकर जिले स्तर में मैरिट सूची में आने से स्वयं हो रहा बयां

पन्ना/अजयगढ़।

सीएम राईज विद्यालय अजयगढ़ के कक्षा 10वीं के छात्र पंकज सिंह पिता प्रेम सिंह निवासी खोरा ने जहां हाई स्कूल परीक्षा में 500 पूर्णांक में से 484 अंक प्राप्त कर 96.08 प्रतिशत की सफलता हांसिल कर जिले की मैरिट में प्रथम स्थान हासिल किया है। इसी तरह पवन कुमार सिंह पिता शिवमोहन सिंह निवासी खोरा ने जहां 500 में से 472 अंक प्राप्त करते हुए 94.04 प्रतिशत द्वितीय स्थान जिले में कायम किया। वहीं कुमारी हर्षिता देवी पिता तुलसीदास निवासी खोरा ने 500 में से 461 अंक प्राप्त करके 92.02 प्रतिशत विद्यालय स्तर में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह कक्षा 12वीं में कुमारी खुशी गुप्ता पिता श्यामबाबू गुप्ता निवासी खोरा 500 में से 474 अंक प्राप्त करते हुए 94.08 प्रतिशत जिले की मैरिट में गणित समूह में तृतीय स्थान



विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया है। तथा समर गुप्ता पिता श्री ओमहरि गुप्ता ने 500 में से 449 अंक प्राप्त कर 89.08 प्रतिशत की सफलता अर्जित की। विद्यालय स्तर में द्वितीय स्थान इसी तरह कु. खुशी तिवारी पिता शिवराम तिवारी एवं सिखा तिवारी पिता श्रीचन्द्रशेखर तिवारी ने 500 में 448 अंक प्राप्त करते हुए 89.06 प्रतिशत की सफलता अर्जित की विद्यालय स्तर में तृतीय स्थान प्राप्त किया। उक्त सभी छात्रों की सफलता से सीएम राईज विद्यालय अजयगढ़ अपने आप में हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम में जहां विद्यालय परिवार में खुशी को लेकर यह दिशा गौरवांवित कर रही है। वहीं गौरतलब बात यह है कि जिस तरह से अधिकत्तर छात्र खोरा गांव के इस सफलता के मुकाम को लेकर सामने आये है एक बार फिर खोरा जो शिक्षा के क्षेत्र में समूचे अजयगढ़ तहसील में अपने आप में बजूद रखता है वह साबित हुआ। राजनीति हो शिक्षा खोरा गांव समूचे क्षेत्र में अपनी अलग ही पहचान रखता है यहां सीएम राईज विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं में खोरा गांव के छात्रों के संख्या स्वयं सफलता के मुकाम को लेकर जहां अपने गांव माता-पिता व विद्यालय परिवार के गुरूजनों को इस सफलता से स्वयं ही जोड़कर स्वयं के भविष्य के साथ-साथ सभी को इस गौरव पूर्ण क्षण के लिए अपनी एक इतिहास के रूप में यह सफलता का मुकाम सीएम राईज विद्यालय का हुआ कायम।

## पेड़ काटने के विवाद को लेकर 49 वर्षीय वृद्ध से मारपीट, मामला दर्ज

**अमानगंज।** पुलिस थाना अमानगंज में फरियादी जवाहरलाल पटेल पिता वृंदावन पटेल उम्र 49 साल निवासी टोराह ने उपस्थित होकर जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि दो-तीन दिन पहले मेरे खेत में लगा सिरसा का पेड़ का कम्मू पटेल ने काट लिया था जिसे सिरसा का पेड़ काटने से मना किया था तो वह विवाद कर रहा था इसी बात को लेकर दिनांक 25 अप्रैल 2024 के सुबह करीब 6रू30 बजे खेत के पास कम्मू पटेल ने मेरे पीछे से आकर हमला कर दिया और मुझे बुरी बुरी गालियां देते हुए मारपीट करने लगा मारपीट में मेरे दोनों हाथ कमर एवं दाहिने पैर की पीडरी में चोट आई है बीच कम्मू पटेल का पिता दादू लाल पटेल भी आ गया



और मेरे ऊपर लाठी मारी इसके बाद में चिल्लाया और जीवन एवं राजेश ने आकर मुझे बचाया। घटना पर अमानगंज थाना पुलिस ने आरोपी कम्मू पटेल पिता दादू पटेल और दादू लाल पटेल पिता विशाल पटेल के खिलाफ धारा 341, 294, 323, 506,34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

### छात्र ने की आत्महत्या

**अमान गज ।** माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम आया जिसमें अमानगंज क्षेत्र के अधिकांश छात्र-छात्राओं की सप्लीमेंट्री आई है या फेल हुए हैं जिससे कुछ छात्र बहुत ही चिंतित हैं। इसी प्रकार अमानगंज क्षेत्र के ग्राम महुआडांडा निवासी एक कक्षा दसवीं का छात्र को जब पता चला कि वह एक विषय में फेल हो गया है एवं उसकी सप्लीमेंट्री आई है। इसका छात्र को ऐसा झटका लगा कि उसी दिन से वह चिंतित रहने लगा और दिनांक 25- 26 की दरम्यानी रात उसने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के विषय में अमानगंज पुलिस थाना से प्राप्त जानकारी अनुसार फरियादी धन प्रसाद पिता प्रेमलाल पाल उम्र 25 साल निवासी महुआडांडा ने अमानगंज थाना में उपस्थित होकर जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि दिनांक 25 अप्रैल 2024 को रात करीब 9:30 बजे हम सभी लोग खाना पीना खाकर सो गए थे छोटा भाई राघवेंद्र पाल उम्र 16 साल घर के बाहर बैठा था जब हम लोग सुबह जागे तो देखा।

## कथा में सुनाया श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग





अमानगंज।

नगर के वार्ड क्रमांक एक पतारा क्षेत्र के प्रतिष्ठित रिटायर्ड शिक्षा पंडित श्री लखन लाल तिवारी के परिवार में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में आज श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह का प्रसंग कथावाचक पंडित श्री राम दुलारे पाठक ने सुनाया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह को एकाग्रता से सुना। श्रीकृष्ण-रुक्मणि की सुंदर मूर्ति का मंत्र उच्चारण के साथ विवाह करवाया बारात रूपी भक्तों का भारी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।श्रद्धालुओं ने एवम मंच पर संगीत वाजक कलाकारों के द्वारा विवाह के मंगल गीत गाए। कथा के मुख्य यजमान लखन लाल तिवारी पत्नी रामफूल तिवारी परिवार, नाथूलाल तिवारी,महेंद्र तिवारी,मुकेश तिवारी,मनीष तिवारी, अनिल तिवारी, ऋषि तिवारी ने दीप प्रज्जवलित किया। प्रसंग में शास्त्री ने कहा कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थी। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया।श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह के मंगल गीतों पर जमकर झूमे श्रोता भक्तगण।

# मतदान करने में युवाओं में रहा भारी उत्साह

## दूल्हा ने नई नवेली दुल्हन को लेकर मतदान केंद्र पहुंचकर किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा ब्लांक के 151 मतदान केंद्रो पर शांति पूर्ण मतदान हुआ है। शाम बजे तक जवेरा विधान सभा में 55.03 प्रतिषत मतदान हुआ था। लेकिन तेंदूखेड़ा के मतदान केंद्रो की व्यवस्थाओं को लेकर डयूटी में लगी स्थाननीय महिलाओ को जैसे कम्यूनिकेषन में डयूटी कर रही आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ, सहायिकाओं, आषा कार्यकर्ताओ के अलावा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को न भोजन मिला हैं और न ही नाष्ता दिया गया है। इन सभी ने कहां कि मध्यान्ह भोजन सप्लाई कर रहे समूह के लोगों ने यह कहकर मना कर दिया है कि यह भोजन सिर्फ बाहर से डयूटी करने आए कर्मचारियों और अधिकारियों एवं सुरक्षा बल को ही दिया जाना है। लोकल के कर्मचारियों को नहीं दिया जाना है। यहां तक कि बहुत सी पोलिंग पर पानी की भी समस्या रही है। जबकि नगर की 12 पोलिंग बूथो पर सम्पूर्ण व्यवस्था करने की जबावदारी नगर परिषद की थी। इस संबंध में जब एसडीएम से बात की तो उन्होंने कहां कि मैं अभी सीएमओ से बात करता हॅू। जब सीएमओ से बात की तो उन्होने कहां कि डयूटी में लगे सभी कर्मचारियों को भोजन की व्यवस्था की गई थी। लेकिन अगर कम्यूनिकेषन के कर्मचारियों को भोजन नहीं मिला है तो नगद पैसा दिया जाएंगा।

लेकिन मतदाताओं ने इस महापर्व पर पहली बार मत डालने गए युवाओं में अधिक उत्साह रहा। जिस कारण नगर के अनेक मतदान केंद्रो पर 70 प्रतिषत के आसपास मतदान हुआ है। तो कहीं पर कम मतदान हुआ है। लेकिन मतदान करने के जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए नगर के वार्ड क्रमांक 11 के जितेन्द्र रैकवार अपनी नई नवेली दुल्हन के साथ मतदान करने पोलिंग क्रमांक 250 पहुंच गए थे। जबकि जितेन्द्र रैकवार की बारात गुरूवार को बंडा सागर गई हुई थी जिसकी बारात आज 11 बजे के आस पास लोटी थी। दूल्हा ने घर के दस्तूर करने के बाद अपने मताधिकार का उपयोग करने पहुंच गए थे। बहुत से मतदाताओं ने सुबह से पहले मंदिरो में जाकर पूजन किया इसके बाद मतदान करने पहुंच गए थे। हालांकि दिन में अधिक समय तक आसमान में बादल छाए रहे जिस कारण अधिक गर्मी का मौसम नहीं था जिस कारण दिन भर धीरे धीरे मतदान होता रहा है। मतदान केंद्रो पर अधिक भीड़ नहीं हो पाई थी।

## कथा सुनने और हरि नाम लेने से जीव मोक्ष के साथ हरि के धाम जाता है: किशोरी वैष्णवी गर्ग

**दमोह।** श्रीमद् भागवत कथा दुबे परिवार द्वारा इटवा लाडन वाग दमोह में हो रही है आज कथा का द्वितीय दिवस है कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी के मुखारविंद से आज कथा सुनाई गई आज कथा में महाराज परीक्षित का जन्म अभिषेक और शमिक ऋषि के पुत्र श्रृंगी ऋषि द्वारा परीक्षित को तक्षक सर्प द्वारा दंश का श्राप देना राजा परीक्षित का मोह भंग होना राजा का गंगा के तट पर पहुंचना और विलाप करना और श्री श्री शुकदेव गोस्वामी महाराज गंगा तट पर आगमन श्री शुकदेव गोस्वामी महाराज द्वारा राजा परीक्षित एवं जीव कल्याण के लिए सप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कराना एवं भागवत के दस लक्षणों के बारे में बताएं इसके साथ ही माता देवहूति एवं कपिल संवाद माता देवहूति का अपने पुत्र कपिल देव को गुरु बनाना एवं गुरु की महिमा वराह अवतार की कथा हिरण्याक्ष की मोक्ष की कथा श्री धाम वृंदावन की महिमा आदि लीलाओं वर्णन किशोरी जी ने श्रोताओं को बताया कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने से तथा हरि नाम लेने से जीव सिर्फ मोक्ष ही नहीं अपितु भगवान के नित्य धाम को जा सकता और कथा श्रवण करने से भगवान के श्री चरणों में अनंत कोटि पर्यंत तक वास मिलता है।

**खबर संक्षेप**

## हार्ट पेशेंट वृद्ध महिला के लिए युवा ने किया रक्तदान



**छतरपुर।** आपाजी ब्लड ग्रुप के संचालक रफत खान ने जानकारी देते हुए बताया की 60 वर्षीय वृद्ध महिला को ब्लड की कमी हो गई थी जिनका हाल में ही विगत दिनों ग्वालियर में ह्रदय का ऑपरेशन हुआ था। डॉक्टर ने दो यूनिट ब्लड की आवश्यकता बताई थी एक यूनिट की व्यवस्था के बाद दूसरी यूनिट के लिए परिजनों ने आपाजी ब्लड ग्रुप से सहायता मांगी तब ग्रुप की ओर से ट्रेवल्स संचालक मो इरफान ने मानवता दिखाते हुए आगे आकर रक्तदान किया और वृद्धा की सांसों को सहारा दिया। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. श्वेता गर्ग जो हमेशा रक्तदानियों का उत्साह वर्धन करती है उन्होंने मो इरफान को ब्लड बैंक की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## पुरानी रंजिश पर विवाद, पिता सहित बेटों को लाठियों से पीटा



**छतरपुर।** चन्द्रनगर चौकी क्षेत्र के धमना हार में बीते दिनों पुरानी रंजिश के चलते एक पटेल परिवार ने विश्वकर्मा परिवार के ऊपर लाठी, डण्डों और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस हमले में तीन लोग जख्मी हुए हैं। शनिवार को घायल परिवार पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और अपने जख्मों को दिखाते हुए न्याय की गुहार लगाई। पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए ज्ञापन में चन्द्रनगर निवासी दीपक विश्वकर्मा ने बताया कि 15 अप्रैल को उसके पिता रमेश विश्वकर्मा और दो भाई धीरज व विकास विश्वकर्मा धमना हार में मूंग की फसल में सिंचाई कर रहे थे तभी पुराने विवाद पर योजनाबद्ध तरीके से लडऩे के लिए राहुल पटेल पहुंचा और उसने पानी पीने के लिए मांगा। पानी को लेकर कहासुनी हुई तो राहुल पटेल ने कट्टा निकालकर फायर कर दिया। इसके बाद उसने अपने परिवार के अन्य सदस्यों हल्के पटेल, जीतू पटेल, हरप्रसाद पटेल और महिलाओं को भी बुला लिया फिर पूरे पटेल परिवार ने रमेश विश्वकर्मा और उसके दोनों बेटों धीरज व विकास विश्वकर्मा के साथ जमकर मारपीट की। घायलों को जिला अस्पताल लाया गया तो पता लगा कि उनके शरीर में गंभीर चोटें हैं। वे तीनों 15 अप्रैल से ही अस्पताल में भर्ती हैं लेकिन पुलिस ने आरोपियों पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की है। घायलों ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी को अपनी फरियाद सुनाई और कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

## पांच हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**छतरपुर।** जिले के थाना जुझारनगर पुलिस ने मार्च में हुई एक लूट के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जिस पर पांच हजार रूपए का इनाम घोषित था। आरोपी ने 19 मार्च को एक कैमरामैन के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया था। इस लूट की वारदात में शामिल तीन अन्य आरोपी पहले पकड़े जा चुके हैं। चौथे आरोपी को भी पुलिस ने अब दबोच लिया है। जानकारी के मुताबिक 19 मार्च की रात 8 बजे जुझानगर क्षेत्र के अंतर्गत 19 वर्षीय राकेश कुशवाहा के साथ चार लोगों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था।

**मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के ही मध्य, लेकिन भाजपा से कांग्रेस पीछे, कई पोलिंग पर कांग्रेस के एजेंट तक नहीं पहुंचे**

# मतदान को लेकर नहीं दिखा उत्साह, दोपहर में तेज धूप के चलते केंद्रों पर पसरा रहा सन्नाटा

नौगांव। दूसरे चरण में प्रदेश की 6 सीटों सहित टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र में भी मतदान हुआ। टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र में टीकमगढ़ निवाड़ी जिले की पांच विधानसभा सहित छतरपुर जिले की महाराजपुर, छतरपुर एवं बिजावर विधानसभा शामिल है।

इसी के तहत महाराजपुर विधानसभा के मुख्यालय नौगांव सहित पूरी विधानसभा में छिटपुट एक दो मामलों को छोड़कर मतदान शांतपूर्ण रहा। मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होकर शाम 6 बजे तक चला। हालांकि सुबह 7 बजे से शुरू हुए मतदान को लेकर मतदाताओं में उत्साह नहीं दिखा, सुबह और शाम के समय को छोड़कर मतदान केंद्रों कर सन्नाटा छाया रहा,जिसके चलते किसी भी मतदान केंद्र में मतदाताओं की कतार देखने को नहीं मिली। नौगांव शहर के 34 मतदान केंद्र सहित महाराजपुर विधानसभा के 267 मतदान केंद्रों में सुबह 7 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। शहर के 34 पोलिंग केंद्रों सहित क्षेत्र में मतदान को लेकर जोश नजर नहीं आया। सुबह और शाम के समय मतदान केंदों में एक दो एक दो करके मतदाता मतदान के लिए आते रहे। जबकि तेज धूप के चलते मतदान केंद्रों पर दोपहर से लेकर शाम तक सन्नाटा छाया रहा। हालांकि शाम के समय बादल छाने के बाद अचानक से कई मतदान केंद्रों पर 6 बजे के बाद इक्का दुक्का मतदाता पहुंचने से मतदान जारी रहा। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में बने मतदान केंद्र क्रमांक 111 में सुबह 7 बजे से मतदान प्रारंभ हुआ। जिसमें दोपहर के तीन बजे तक 1106 मतदाताओं में से 427 मतदाताओं ने लोकतंत्र में अपना अमूल्य मत का प्रयोग किया। तो वहीं साढ़े चार बजे तक मतदान केंद्र क्रमांक 111 में 215 महिलाओं और 320 मतदाताओं ने मतदान किया। इससे पहले सुबह 7 बजे से प्रारंभ हुई मतदान प्रक्रिया में सुबह 9 बजे तक 22 महिला, 65 पुरुषों ने मतदान किया। इसके साथ ही दोपहर 1 बजे तक 113 महिला और 216 पुरुषों ने केंद्र सरकार गठन के लिए मतदान किया। शाम 5 बजे तक कुल 1106 मतदाताओं में से 236 महिलाओं और 336 पुरुषों ने मतदान किया।

जनपद शिक्षा केंद्र परिसर में बने मतदान केंद्र क्रमांक 104 में भी अन्य मतदान केंद्रों की तरह शांतिपूर्ण मतदान हुआ। यहां पर भी मतदान के प्रति मतदाताओं में उत्साह देखने को नहीं मिला। इसके चलते मतदान कर्मियों ने बड़े ही आराम से मतदान संपन्न कराया। जनपद शिक्षा केंद्र परिसर में बने मतदान केंद्र में तेज धूप के चलते दोपहर 1 बजे सन्नाटा छाया रहा। मतदान केंद्र के बाहर पुलिसकर्मी रीना पटेल सुरक्षा में मुस्तैद नजर आई। दोपहर में 1 बजकर 10 मिनट पर मतदान केंद्र में 66 महिलाओं और 91 पुरुषों ने मतदान किया, लेकिन तेज धूप के चलते मतदान केंद्र के बाहर सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी रीना पटेल के अलावा कोई मतदाता मतदान करने नहीं आया। पीठासीन अधिकारी से जानकारी के मुताबिक सुबह 9 बजे तक 18 महिला, 29 पुरुषों ने मतदान किया। दोपहर 11 बजे 44 महिला और 60 पुरुष, दोपहर तीन बजे 81 महिला और 115 पुरुष, शाम 5 बजे तक 109 महिला और 137 पुरुषों ने मतदान किया। इस तरह से शाम 5 बजे तक 512 में से 246 मतदाताओं ने मतदान किया।

**लड़की के मामा और भाई को पीटा, जिला अस्पताल में भर्ती**

## शादी समारोह में शराब युवकों ने किया उपद्रव

**छतरपुर।** बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम सतना में एक अहिरवार परिवार की शादी में गांव के ही कुछ युवकों द्वारा शराब पीकर उपद्रव किया गया जिसमें लड़की का भाई और मामा घायल हुए हैं जिनका इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है। पठापुर निवासी रामवचन अहिरवार ने बताया कि उसके भाई मुन्ना अहिरवार अपनी भांजी की शादी में बमीठा थाना के ग्राम सतना गए थे। शादी समारोह के दौरान गांव के ही कुछ लड़कों द्वारा शराब पीकर हंगामा शुरू कर दिया गया और कुर्सियों के साथ तोडफ़ोड़ करने लगे। जब उन्हें मना किया तो युवकों द्वारा लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी गई। जब घर के अन्य लोग बचाने पहुंचे तो युवकों द्वारा पथराव कर वहां से भाग गए। मारपीट में लड़की के मामा मुन्ना अहिरवार और लड़की के भाई राजसजीवन अहिरवार घायल हुए हैं जिन्हें एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया जहां उनका उपचार किया जा रहा है। मुन्ना के भाई रामवचन ने बताया कि गांव के शराबी युवक आकाश अहिरवार, दिलीप, समीर, रवि, राजकुमार, विजय सहित अन्य युवकों द्वारा उपद्रव कर मारपीट की गई है।



## पुलिस ने महेंद्र गुप्ता हत्या से संबंधित आरोपी शानू राजा को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया

**छतरपुर।** शहर के सागर रोड पर बीते 4 मार्च को गजराज पैलेस के सामने रोड में अज्ञात हमलाबरो द्वारा एक व्यक्ति को गोली मारी गई थी, जिससे मौके पर ही मौत हो गयी थी। फरियादी जो मृतक महेन्द्र गुप्ता का ड्राईवर व गनमैन था,उसकी रिपोर्ट पर थाना सिविल लाईन छतरपुर में अपराध क्र.123/24 धारा 302 भादवि 25/27 आर्म्स एक्ट का अपराध अज्ञात आरोपियो के विरूद्ध कायम कर विवेचना में ले लिया गया। मौके पर एफ.एस.एल.टीम एवं तकनीकी एक्सपर्ट बुलाये गये। घटना स्थल का निरीक्षण कर छतरपुर पुलिस के लिये चुनौती बने इस अंधे कत्ल के खुलासे हेतु गम्भीरता से लेते हुये सिविल लाईन पुलिस कार्यवाही में जुट गयी। घटनास्थल के निरीक्षण एकत्रित सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर विगत माह हत्या की घटना में शामिल आरोपी आकाश सक्सेना, एक महिला आरोपी, मुख्य आरोपी रानू राजा के पिता, माता, चाचा तथा मथुरा से 2- 2 लाख रुपए में हायर किए गए दो शूटर एवं शूटर से डीलिंग करवाने वाले मीडिएटर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। एवं शेष सम्मिलित आरोपियों की तलाश निरंतर जारी थी। पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु 30000 का इनाम उद्घोषित किया गया था , साथ ही अपराध की समीक्षा निरंतर की जा रही है।

मुख्य आरोपी रानू राजा द्वारा मथुरा उत्तर प्रदेश से दो शूटर को दो दो लाख रुपए में हायर किया गया था। एवं डीलिंग करवाने वाले मीडिएटर को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। साथ ही उक्त आरोपियों के बयान एवं एकत्रित साक्ष्य के अनुसार हत्या की घटना में संबंधित आरोपी 30000 का इनामी बदमाश शानू राजा उर्फ सूर्य प्रताप पिता गोविंद सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम सिगौन थाना ईसानगर को परा चौकी तिराहा छतरपुर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय पेश कर जेल भेजा जा रहा है अन्य संबंधित आरोपियों की तलाश एवं विवेचना कार्यवाही जारी है।

## नकाबपोश बदमाशों ने युवक पर कट्टे से किया फायर, हथेली में लगी गोली

**छतरपुर।** जिले के राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम रानीपुरा में एक युवक पर दो नकाबपोश बदमाशों ने कट्टा अड़ा दिया। युवक ने अपने बचाव में बदमाशों से कट्टा छीनने की कोशिश की तभी फायर हो गया और गोली युवक के हाथ में लग गई। युवक को चार पहिया वाहन से इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां उसका उपचार किया गया।



घायल भागचन्द्र पटेल तनय फूलचन्द्र पटेल 38 वर्ष निवासी रानीपुरा ने बताया कि वह अपने खेत पर बने कुआं के पास पुलिया पर बैठा था तभी दोपहर करीब डेढ़ से दो बजे के बीच दो नकाबपोश बदमाश आए और उस पर कट्टा तान दिया। भागचन्द्र ने अपने आप को बचने के लिए कट्टे को पकड़ लिया तभी गोली चल गई। गोली युवक की हथेली में लगी तभी मौका पाकर दोनों बदमाश वहां से भाग गए। इसके बाद युवक चार पहिया वाहन से जिला अस्पताल आया जहां उसका इलाज किया गया। युवक ने बताया कि उसका गांव में कुछ लोगों से विवाद है लेकिन यह जानकारी है कि नकाबपोश बदमाश कौन थे।

## नौगांव थाना क्षेत्र के बिलहरी गांव में युवक ने मोहल्ले के दो युवकों को बका मारकर किया घायल, दोनों युवक ग्वालियर

**नौगांव।** शहर की सीमा से लगे हुए बिलहरी गांव में शुक्रवार की रात 8 बजे के लगभग रजक परिवार के मां बेटे में हो रहा विवाद मोहल्ले के दो राजपूत युवकों पर भारी पड़ गया। रजक परिवार के युवक ने मांस काटने वाले बका से दोनों युवकों पर गंभीर रूप से वार कर दिया। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस एवं अन्य रहवासियों की मदद से दोनों घायलों को सिविल अस्पताल लाया गया, अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को ग्वालियर मेडिकल कॉलेज रैफर कर दिया तो वहीं पुलिस ने दोनों घायलों के बयान के आधार पर मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की गई। जानकारी के मुताबिक बिलहरी गांव का ब्रजेंद्र रजक उर्फ बिज्जी पिता सुंदर किसी बात को लेकर घर के बाहर अपनी मां से झगड़ रहा था, तभी मोहल्ले में रहने वाले अरविंद राजपूत और धर्मेंद्र राजपूत ने ब्रजेंद्र रजक को मां से झगड़ने से मना किया। तो ब्रजेंद्र रजक मां को छोड़कर अरविंद्र राजपूत और धर्मेंद्र राजपूत से झगड़ने लगा और इसी बीच विवाद इतना बढ़ गया कि ब्रजेंद्र ने अरविंद और धर्मेंद्र के ऊपर बारी बारी से मांस काटने वाले बका से हमला कर दिया। बका के हमले से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल होने से दोनों युवक खून से लथपथ होकर गिर पड़े और आरोपी ब्रजेंद मौका पाकर भाग गया। इसके बाद परिजनों और अन्य मोहल्लेवासियों की मदद से पुलिस के द्वारा दोनों घायलों को सिविल अस्पताल लाया गया। अस्पताल में इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे डॉक्टर सौरभ मिश्रा सहित अन्य डॉक्टर एवं सहायक टीम ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज ग्वालियर के लिए रेफर कर दिया। इससे पहले पुलिस प्रधान आरक्षक अरविंद शर्मा, प्रधान आरक्षक देवीदास अहिरवार ने अस्पताल पहुंचकर दोनों घायलों के बयान दर्ज कर एवं पंचनामा बनाकर अग्रिम कार्रवाई की गई। वहीं डॉक्टर सौरभ मिश्रा ने बताया कि घायल अरविंद और धर्मेंद्र के ऊपर किसी नुकीले धारदार हथियार से हमला किया है जिससे एक युवक के पेट और सीने के बीच में आड़ा गहरा घाव और दूसरे युवक के दाएं कंधे पर काटने का गहरा लंबा घाव है, प्राथमिक उपचार के बाद हालत को देखते हुए रैफर किया है।

## 23 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु भेजा गया चित्रकूट



**हनुमान टौरिया पर निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर सम्पन्न**

**छतरपुर।** नगर के प्रसिद्ध प्राचीन हनुमान टोरिया मंदिर पर 14वें वर्ष का चौथा एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर सम्पन्न हुआ। यह शिविर स्व नाथूराम एवं स्व रामकली असाटी की स्मृति में उनके पुत्र हरि असाटी, नाती सुशील असाटी, सुनील असाटी, राकेश असाटी रामजी साईं ओम जी (असाटी अनाज भंडार) के सहयोग से आयोजित किया गया था। हनुमान टौरिया सेवा समिति के गिरजा पाटकर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट से आए डॉ अनुज द्विवेदी और डॉ प्रदीप मिश्रा सहित 10 सदस्यीय टीम के द्वारा 110 आंखों के मरीजों का परीक्षण एवं जांच की गई जिसमें 23 मरीज मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु चिंहित किया गया जिन्हे आज ही चित्रकूट भेजा गया एवं बाकी मरीजों का इलाज कर दवा एवं चश्मा वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि पिछले दो माह होली एवं चुनाव के कारण से नेत्र शिविर की डेट बदलनी पड़ी इसलिए आपको असुविधा हुई है लेकिन अगले माह से 26 तारीख को ही प्रतिमाह यह शिविर लगाया जाएगा।इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए सुशील असाटी सहित उनके मित्रों ने मरीजों को अपने हाथों से भोजन कराए तथा इस आयोजन में सहयोग कर रहे हरि असाटी के द्वारा स्वयं सपरिवार उपस्थित होकर शिविर में मरीजों के रजिस्ट्रेशन किए गये एवं असहाय जरूरतमंद मरीजों निःशुल्क चश्मा भी वितरित किए। इस अवसर पर हनुमान टोरिया सेवा समिति ने असाटी परिवार का शिविर में सहयोग हेतु ह्रदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पुलिस ने 10 साल पुराने प्रकरण में फरार स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देश पर थाना नौगांव पुलिस द्वारा वर्ष 2014 के आर्म्स एक्ट के प्रकरण में फरार स्थाई वारंटी आरोपी हरिशंकर विश्वकर्मा पिता बाबूलाल विश्वकर्मा उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम लुगासी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पेशी पर उपस्थित नही होने पर न्यायालय नौगांव द्वारा वर्ष 2017 में स्थाई वारंट जारी किया गया था । पुलिस द्वारा वारंटी की तलाश हेतु मुखबिर लगाये गये। दिनांक 26.04.2024 को मतदान दिवस के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि वारंटी मतदान करने के पश्चात अपने गांव से बाहर जा रहा है।



मुखबिर की सूचना पर वारंट तामीली हेतु वारंटी की निगरानी कर वारंटी को मतदान करने के बाद गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जाकर वारंट तामील किया गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक सतीश सिंह थाना प्रभारी नौगांव, उनि बलराम सिंह यादव चौकी प्रभारी लुगासी, प्रआर हरिशंकर नायक, आरक्षक प्रहालाद पटेल, धर्मेन्द्र, सोनू सिंह यादव, जितेन्द्र अहिरवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पड़ोसियों पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**छतरपुर।** शुक्रवार को फरियादी अरविन्द राजपूत उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम बिलहरी थाना नौगांव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह रात्रि करीब 8 बजे अपने भतीजे धर्मेन्द्र राजपूत के साथ घर के दरवाजे पर बैठा था तभी पड़ोस में रहने वाला बृजेन्द्र उर्फ बिज्जू रजक हाथ में लाहे का बका लिए अपनी मां के साथ विवाद कर रहा था। पड़ोस में रहने के कारण मैं बृजेन्द्र को समझाने गया तो बृजेन्द्र ने मुझे मां बहिन की गालियां देते हुए मारपीट कर बका से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान बृजेन्द्र ने बका उसके पेट में मार दिया जिससे वह घायल हो गया। मुझे बचाने आए मेरे भतीजे धर्मेन्द्र पर भी बृजेन्द्र ने बका से हमला कर दिया जिससे बका उसके दाहिने कंधे में लगा। चिल्लाने पर पड़ोस में रहने वाले लोग हमें बचाने आए तभी बृजेन्द्र मौका पाकर वहां से भाग गया। थाने में आरोपी के विरूद्ध धारा 307,294,323,324 का प्रकरण पंजीबद्ध कर उपचार हेतु चिकित्सालय पहुंचाया गया। पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा टीम गठित कर आरोपी की अतिशीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी नौगांव निरीक्षक सतीश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी बृजेन्द्र उर्फ बिज्जू 35 वर्ष को 12 घंटे के भीतर बिलहरी बस स्टेण्ड से गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त अवैध हथियार को भी जब्त किया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

## घोड़ा लेकर शादी में जा रहे युवक से मारपीट

**घायल अवस्था में एसपी कार्यालय परिवारजनों के साथ पहुंचकर दिया आवेदन**



**छतरपुर।** मातगुवां थाना क्षेत्र के ग्राम खैरों के समीप शादी में घोड़ा लेकर जा रहे युवक के साथ कुछ युवकों ने मारपीट कर दी जिसकी शिकायत युवक द्वारा मातगुवां थाना में की गई लेकिन थाने में उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई जिसके बाद युवक द्वारा शनिवार को घायल अवस्था में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन दिया गया है।जानकारी के अनुसार मातगुवां निवासी प्रभु अहिरवार उम्र 35 वर्ष ने बताया कि विगत 18 अप्रैल की रात्रि वह घोड़ा लेकर बाबू यादव के साथ बक्शी का पुरवा जा रहा। इसी दौरान खैरों के समीप अज्ञात कारणों के चलते कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट कर मरणासन्न हालत में वहीं छोड़ दिया। इसके बाद उसने डायल 100 को फोन किया डायल 100 ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। एक सप्ताह से वह जिला अस्पताल में भर्ती है। परिवारजनों ने मातगुवां थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की कोशिश की लेकिन जब थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई तब शनिवार को परिवारजनों के साथ घायल अवस्था में वह पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और उसने आवेदन दिया। आवेदन में घायल ने बताया कि उसके साथ प्रीतम कुशवाहा, राकेश नामदेव एवं राजू कुशवाहा ने मारपीट की है।

## बारह वर्षीय बाल कलाकार हर्षल चंदवानी एवं भजन गायिका सौम्या पंजवानी का रीवा आगमन

# राजकपूर आडोटोरियम में दो दिवसीय 'सिन्धियत जो मेलो' का शुभारंभ आज

**रीवा** । सिन्धु यूथ विंग सामाजिक सांस्कृतिक संस्था रीवा द्वारा संस्कारधानी रीवा के हृदय स्थल में स्थित कृष्णा राजकपूर आडोटोरियम के प्रांगण में दो दिवसीय सिन्धियत जो मेलों का आयोजन 28 एवं 29 अप्रेल 2024 को किया गया है। जिसका विधिवत शुभारंभ 28 अप्रेल रविवार को सायंकाल 4.00 बजे नगर पालिक निगम रीवा के महापौर अजय मिश्रा ''बाबा'' एवं समाज के अध्यक्ष सरदार प्रहलाद सिंह द्वारा भगवान श्री झूलेलाल जी की प्रतिमा के समक्ष पूजन अर्चन कर किया जावेगा। तथा 5.30 बजे युवाओं में सामाजिक संदेश देने के उद्देश से फिल्म कर्ज एवं इश्क एक इम्तिहाल का प्रदर्शन किया जावेगा। मेले में सायंकाल 7.30 बजे से भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया है जिसमें राजस्थान सिन्धु आयडल 12 वर्षीय मास्टल हर्ज़ल चंदवानी एवं कानपुर की भजन गायिका सोम्या पंजवानी द्वारा भक्ति संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जावेगा। उक्त आशय की जानकारी सिन्धु यूथ विंग के संस्थापक संरक्षक सचिन डूडानी ने प्रेस विज्ञप्ति में देते हुए बताया कि-ट्रेडिशनल स्वादिष्ट व्यंजनों पर आधारित फूॅड फेस्टिवल (आनन्द मेला) का भव्य आयोजन किया गया है। जिसमें मातृ शक्तियों द्वारा आर्ट क्राफ्ट्स, बुटीक, हेल्थकेयर एवं सिन्धी ट्रेडिशनल व्यंजनों से संबंधित स्टालों के माध्यम से समाज की महिलाओं को आत्म निर्भर एवं स्वावलंबी बनने का संदेश दिया जावेगा। साथ ही स्वास्थ के प्रति जागरुकता लाने के लिए अपोलो हास्पिटल एवं नेशनल हास्पिटल के सौजन्य से हेल्थ चेकप कैम्प लगाया गया है जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण कर समुचित सलाह प्रदान की जावेगी। विज्ञप्ति के अंत में समाज के सभी गणमान्य नागरिकों, साहित्य प्रेमियों तथा सिन्धियत के शुभचिंतकों से सपरिवार उक्त कार्यक्रम में पहुंचने का अनुरोध किया है। तथा पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम एवं यातायात विभाग से समुचित व्यवस्था बनाने की अपेक्षा की है।

## खबर संक्षेप

### प्रेक्षक ने की पीठासीन अधिकारी की डायरी की समीक्षा



**रीवा**। रीवा लोकसभा क्षेत्र में मतदान समाप्त होने के बाद 26 अप्रैल को देर रात तक मतदान सामग्री तथा ईव्हीएम इंजीनियरिंग कालेज में बनाए गए निर्धारित स्थलों में जमा की गईं। सामान्य प्रेक्षक संजीव कुमार तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में पीठासीन की डायरी एवं फार्म 17 क की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इंजीनियरिंग कालेज के कक्ष क्रमांक 9 में आयोजित बैठक में प्रेक्षक ने विधानसभावार तथा मतदान केन्द्रवार समीक्षा की। उन्होंने मतपत्र लेखा, फार्म 17 क तथा पीठासीन की डायरी की मतदान केन्द्रवार समीक्षा की। समीक्षा बैठक में उम्मीदवारों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### आयुष्मान योजना के प्रदेश प्रभारी ने किया सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का निरीक्षण

**रीवा**। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल रीवा में गंभीर रोगों का सफलतापूर्वक उपचार किया जा रहा है। आयुष्मान भारत योजना के प्रदेश प्रभारी डॉ अरविंद गढ़वाल ने सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल का निरीक्षण किया। डॉ गढ़वाल ने निरीक्षण के दौरान आयुष्मान कार्ड के माध्यम से रोगियों को दी जा रही उपचार सुविधाओं तथा आयुष्मान मित्रों के कार्यों की जानकारी ली। डॉ गढ़वाल ने आयुष्मान के नोडल अधिकारियों एवं आयुष्मान मित्रों के कार्यों की बैठक में बिन्दुवार समीक्षा की। मौके पर उपस्थित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के अधीक्षक डॉ अक्षय श्रीवास्तव ने बताया कि अस्पतालों में आयुष्मान योजना में कई समस्याएं आ रही हैं। कई गंभीर रोगों का उपचार आयुष्मान भारत योजना में शामिल नहीं है जिसे शामिल किया जाना आवश्यक है। अस्पताल में संचालित डायलिसिस यूनिट में आने वाले ऐसे मरीज जिनका प्रिऑथ अप्रूवल नहीं है उन्हें अप्रूव कराया जाए। निरीक्षण के समय डॉ प्रीतम सिंह, डॉ नीरज पटेल तथा अन्य चिकित्सक एवं तकनीशियन उपस्थित रहे।

### प्रकरण की सुनवाई श्रम न्यायालय रीवा में होगी

**रीवा**। अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड मुम्बई तथा अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड रीवा एवं प्रबंध संचालक अल्ट्राटेक सीमेंट मुम्बई से आवेदक अजीत प्रसाद दुबे पिता ओमप्रकाश दुबे का औद्योगिक विवाद विधिमान्य है। उप श्रमायुक्त इंदौर ने औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 के तहत दर्ज औद्योगिक विवाद की सुनवाई के लिए अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्रकरण श्रम न्यायालय रीवा को प्राधिकृत किया है। अब प्रकरण की सुनवाई श्रम न्यायालय रीवा में की जाएगी जिसमें श्रम न्यायालय द्वारा सुनवाई कर श्री अजीत प्रकाश दुबे के सेवा पृथक्करण की वैधानिकता का निर्धारण किया जाएगा।

### भगवान परशुराम के प्राकट्योत्सव की तैयारी के लिए विचार गोष्ठी का आयोजन आज

**अनूपपुर**। विप्र समाज अनूपपुर के संयोजक मानस मर्मज्ञ ओजस्वी वक्ता पंडित राम नारायण द्विवेदी, आर्यावर्त ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंडित चैतन्य मिश्रा, अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद के जिलाध्यक्ष पंडित विद्याधर पांडे तथा अनूपपुर अखंड ब्राह्मण महासभा के संस्थापक पंडित सुभाष चतुर्वेदी ने संयुक्त रूप से जिले के विप्र बंधुओ से निवेदन किया है कि आज 28 अप्रैल को धनवर्षा पैलेस शंकर मंदिर के पास सिद्ध बाबा रोड चेतना नगर अनूपपुर में विचार गोष्ठी का आयोजन सायंः 5 बजे से रखा गया है। जिसमें सभी विप्र समाज के लोगों से अपील की गई है कि सभी लोग उपस्थित होकर अपने विचार रखें एवं अपना मार्गदर्शन दें। जिससे ब्राह्मण समाज अपने स्वाभिमान की रक्षा करते हुए लक्ष्य तक आगे बढ़े। बताया गया कि आयोजित विशाल बैठक निश्चय ही अनूपपुर ब्राह्मण समाज के लिए परिणामकारी सिद्ध होगी।

# देर रात तक सभी मतदान दल वापस लौटे, स्ट्रांग रूम में सील हुई ईव्हीएम





**रीवा**। लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान संपन्न हुआ। मतदान संपन्न होने के बाद देर रात तक सभी 2014 मतदान केन्द्रों के मतदान दल वापस लौटे। सबसे पहले रीवा नगर निगम क्षेत्र तथा मनगवाँ विधानसभा क्षेत्र के मतदान दल पहुंचे। इंजीनियरिंग कालेज में विधानसभावार बनाए गए काउंटरों में ईव्हीएम तथा अन्य मतदान सामग्री जमा कराई गई। जिन ईव्हीएम का उपयोग नहीं किया गया उन्हें सीधे वेयरहाउस ले जाकर संधारित किया गया। मतदान दलों की वापसी के बाद विधानसभावार बनाए गए स्ट्रांग रूमों में ईव्हीएम मतदान केन्द्रवार संधारित की गईं। उम्मीदवारों, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा प्रेक्षक की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम सील किए गए। मतदान सामग्री जमा करने के बाद मतदान दल के सदस्यों को सेक्टर आफीसरों द्वारा निर्वाचन कार्य से मुक्त किया गया। मतदान दलों के लिए अधिग्रहीत बसों तथा अन्य वाहनों को भी मतदान दलों की वापसी के बाद क्रमशः मुक्त किया गया। इंजीनियरिंग कालेज में बनाए गए स्ट्रांग रूमों की निगरानी के लिए अधिकारी तैनात किए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्ट्रांग रूम की 24 घंटे निगरानी के लिए विधानसभावार तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार तैनात किए हैं। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए एसडीएम हुजुर वैशाली जैन को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। स्ट्रांग रूम की सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। जिला समन्वयक लोक सेवा प्रबंधक रविकांत पाण्डेय तथा उनके सहयोगी अधिकारियों द्वारा सीसीटीवी से निगरानी की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। मतदान सामग्री जमा होते समय सामान्य प्रेक्षक संजीव कुमार, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, आयुक्त नगर निगम तथा प्रभारी अधिकारी सामग्री वितरण श्रीमती संस्कृति जैन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले, नोडल अधिकारी ईव्हीएम आदित्य सिंह, सभी सहायक रिटर्निंग आफीसर एवं अन्य संबंधित अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# यात्री बस और कार की सीधी टक्कर, एक की मौत दो गंभीर

### बारात से वापस लौट रहे थे कर सवार युवक

**रीवा** । जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कर और बस की आमने-सामने भिड़ंत हो गई । टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए इस घटना में एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई । जबकि दो की हालत गंभीर बनी हुई



मिली जानकारी के अनुसार निराला नगर निवासी दीपेंद्र कुमार सिंह सचिन कोल और पुलिस लाइन के कोमल सिंह सवाल थे जिसमें सचिन कोल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है परिजनों ने बताया है कि कार सवार डभौरा वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे जो शनिवार को वापस आ रहे थे जैसे ही बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के मारव के समीप के समीप पहुंचे सामने से आ रही बस से आमने-सामने की टक्कर हो गई । घटना के बाद स्थानीय लोगों ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला लेकिन जब तक सचिन की मौत हो गई । फिलहाल घायल दीपेंद्र कुमार सिंह और कोमल सिंह को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है

### इनका कहना है

कार में तीन लोग सवार थे। कार में सवार दो लोग निराला नगर के रहने वाले थे जबकि एक पुलिस लाइन की रहने वाली है सभी वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए डभौरा गए हुए थे। सुबह वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। उसी दरमियान सड़क हादसा हो गया। कार की टक्कर रीवा से सिरमौर की तरफ जा रही पूजा ट्रेवल्स बस से हो गई। जिसमें सचिन कोल की मौके पर ही मौत हो गई

**विजय सिंह बघेल थाना प्रभारी**

# किशोर न्याय अधिनियम के संबंध में आयोजित की गई कार्यशाला



**रीवा**। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं किशोर न्याय बोर्ड द्वारा एडीआर सेंटर जिला न्यायालय परिसर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सुबोध कुमार जैन के निर्देशानुसार आयोजित कार्यशाला में किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायाधीश श्री आशीर्वाद भिलाला तथा किशोर न्याय बोर्ड की प्रधान मजिस्ट्रेट श्रीमती नीलिमा देवदत्त ने अधिनियम के प्रावधानों एवं किशोर न्याय बोर्ड की प्रक्रिया की जानकारी ली। कार्यशाला में श्रीमती ममता नरेन्द्र सिंह, केपी शर्मा, विक्रमादित्य तिवारी, डॉ मुकेश येंगल तथा श्री सुमित सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यशाला का संचालन राजश्री सिंह ने किया। कार्यशाला का समापन जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा द्वारा आभार प्रदर्शन से हुआ। कार्यशाला में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कन्या महाविद्यालय में लगी आग, कई घंटे की मशक्कत के बाद आग में पाया गया काबू

**रीवा**। जिले मे शनिवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय में उसे समय हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। जब कन्या महाविद्यालय के गोल्डन जुबली विभाग के पीछे आगे की लगे उठने लगी । घटना की जानकारी मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई जहां काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है आग कैसे लगी इसका पता अभी तक पता नहीं चला पाया है। संबंधित स्टाफ में बताया कि गोल्डन जुबली विभाग में कई कंप्यूटर एवं अन्य सामग्रियां रखी हुई है जिन्हें पहले ही बाहर निकलने का प्रयास किया गया था आग की लपटे इतनी तेज थी की सामग्री बाहर निकल नहीं पाई ।



# विन्ध्य के सबसे बड़े संजय गांधी अस्पताल मे मरीजों का हाल बेहाल

**रीवा** । विंध्य क्षेत्र की सबसे बड़ी संजय गांधी अस्पताल है जो कि हमेशा सुर्खियों मे बना ही रहता है अस्पताल कभी अव्यवस्थाओं को लेकर तो कहीं मारपीट की घटनाओं को लेकर तो कभी चोरी की घटनाओं को लेकर, सुर्खियों में बना ही रहता है हाल में ही एक मामला सामने आया है जहां विगत कई सालो से बंद पड़ी लिफ्ट अभी तक खुल नहीं पाई है। वर्ष 2003 में बनी संजय गांधी अस्पताल में 11 लिफ्ट इंस्टॉल की गई थी जिन में से अभी तक चार लिफ्टों का ही संचालन हो पाया है, बाकी लिफ्ट कहां है क्यों नहीं चल रही यह प्रबंधन ही जाने लेकिन लिफ्ट न लगने के चलते मरीजों को वार्ड में पहुचने के लिए खासा मशक्कत करनी पड़ती है। लिफ्ट न होने के कारण मरीजों को बहुत परेशानी हो रही है संजय गांधी अस्पताल विंध्य की सबसे बड़ी अस्पताल है जहां चार से पांच जिलों के मरीज उपचार कराने पहुंचते हैं लेकिन यहां की अव्यवस्थाओं से परेशानी रहते हैं जिससे अस्पताल प्रशासन की लापरवाही पर सवाल खड़े हो रहे हैं ।



# कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा





**रीवा**। रीवा लोकसभा क्षेत्र में मतदान संपन्न होने के बाद इंजीनियरिंग कालेज में विधानसभावार बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईव्हीएम मशीनें रखी गई हैं। उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में इन्हें सील बंद किया गया। इंजीनियरिंग कालेज में विधानसभा क्षेत्र रीवा, गुढ़, सिरमौर, सेमरिया, त्योंथर, देवतालाब, मऊगंज तथा मनगवां विधानसभा क्षेत्रों की सभी ईव्हीएम रखी गई हैं। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए अद्र्धसैनिक बल के सशस्त्र जवान तैनात किए गए हैं। अद्र्धसैनिक बल मतगणना होने तक स्ट्रांग रूम की निगरानी करेंगे। स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इनके माध्यम से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों को भी स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए इंजीनियरिंग कालेज में समुचित सुविधा दी गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे का डिस्प्ले ऐसे स्थान पर लगाएं जहाँ से उपम्मीदवार के प्रतिनिधि भी आसानी से देख सकें। सीसीटीवी कैमरे में इनवर्टर तथा जनरेटर से पावर बैक की सुविधा रखें जिससे किसी भी स्थिति में कैमरे बंद न हों। स्ट्रांग रूम के बाहर 24 घंटे राजस्व अधिकारी तैनात रहेंगे। निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कठोरता से पालन करते हुए ईव्हीएम की सुरक्षा करें। इसमे किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले, ईव्हीएम प्रभारी आदित्य सिंह, जिला प्रबंधक लोकसेवा रविकांत पाण्डेय तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए 24 घंटे तैनात रहेंगे राजस्व अधिकारी

रीवा ! लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा लोकसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान संपन्न हो गया। मतदान के बाद इंजीनियरिंग कालेज में विधानसभावार बनाए गए 8 अलग-अलग स्ट्रांग रूमों में ईव्हीएम मशीनें रखी गई हैं। इनकी सुरक्षा के लिए केन्द्रीय अद्र्धसैनिक बल के सशस्त्र जवान तैनात किए गए हैं। स्ट्रांग रूम की सीसीटीवी से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्ट्रांग रूम की 24 घंटे निगरानी के लिए तीन पालियों में राजस्व अधिकारी तैनात किए हैं। जारी आदेश के अनुसार 27 अप्रैल से 3 मई की अवधि में सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक तहसीलदार विनयमूर्ति शर्मा, दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक तहसीलदार नीलेश सिंह तथा रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक तहसीलदार सुमित गुप्ता तैनात रहेंगे। इसी तरह 4 मई से 10 मई की अवधि में सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक तहसीलदार विनयमूर्ति शर्मा तथा रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक तहसीलदार नीलेश सिंह तैनात रहेंगे। जारी आदेश के अनुसार 11 मई से 17 मई की अवधि में सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक तहसीलदार सुमित गुप्ता, दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला तथा रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक तहसीलदार विनयमूर्ति शर्मा तैनात रहेंगे। इसी तरह 18 मई से 24 मई की अवधि में सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक तहसीलदार नीलेश सिंह, दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक तहसीलदार सुमित गुप्ता तथा रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला तैनात रहेंगे। स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए 25 से 31 मई तक सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक तहसीलदार विनयमूर्ति शर्मा, दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक तहसीलदार नीलेश सिंह तथा रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक तहसीलदार सुमित गुप्ता तैनात रहेंगे। इसी तरह एक जून से 4 जून तक सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक तहसीलदार विनयमूर्ति शर्मा तथा रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक तहसीलदार नीलेश सिंह तैनात रहेंगे। कलेक्टर ने कहा है कि तैनात अधिकारी रिलीवर के आने पर ही कार्यस्थल से प्रस्थान करेंगे।